हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025

11 मांगों की अधिसूचना जारी करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

12 तोशाम की बेटी मात्र तनिष्का बनी केकेएचडी की फाइनलिस्ट





## खबर संक्षेप


बहल। रेडिनेस कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

### प्ले स्कूल में रेडिनेस कार्यक्रम का आयोजन

**बहल।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत गांव हरियावास के प्ले स्कूल (आंगनवाड़ी केंद्र) में रेडिनेस मेले का आयोजन किया गया। मेले में गांव की महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। बच्चों व महिलाओं का स्वागत किया गया। मेले का शुभारंभ सुपरवाइजर वंदना द्वारा किया गया। सुपरवाइजर वंदना द्वारा पोषण अभियान के तहत महिलाओं को कुपोषण मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई गई।

### नवदुर्गा सेवा सहयोग के सुरेश को पितृ शोक

**भिवानी।** नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी एवं भाजपा नेता रमेश सैनी के पिता इंद्र सिंह सैनी का बुधवार को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे तथा कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका दाह संस्कार हनुमान गेट स्थित बैकुंठ धाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा अनेक समाजसेवी व्यक्ति मौजूद रहे। बता दे कि इंद्र सिंह सैनी रेलवे सुरक्षा बल में बतौर इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त थे। उन्हे बेहतरीन कार्य सेवा के चलते पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल द्वारा इंडियन पुलिस मैडल से भी सम्मानित किया जा चुका था।


दिवंगत इंद्र सिंह।

### विधवा सेल की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में विडो सेल की ऑनलाइन मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सीजेएम पवन कुमार ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

### गुरु नानक देव की शोभा यात्रा 12 को

**भिवानी।** शुभ विवाह अभिनंदन संगठन की तरफ से सर्व समाज व सर्व धर्म के सहयोग से 12 अप्रैल को बैसाखी के उपलक्ष्य पर गांव तिगड़ाना से भिवानी तक गुरु नानक देव की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी संगठन के संस्थापक अध्यक्ष बाबा सुनील, नरेन्द्र कुमार व सतपाल ने संयुक्त रूप से दी।

## शिक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ जारी होंगे नोटिस

# निजी प्रकाशकों की पुस्तकें मिलीं तो नपेंगे स्कूल संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी करेंगे निरीक्षण

## निजी स्कूलों में अनुचित व्यवहार पर रोक के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों द्वारा प्राइवेट पब्लिसर की किताबें, हर साल विद्यार्थियों की वर्दी बदलवाने तथा पीने के पानी बोत्तलों को जरूरी करने पर सख्त एक्शन लिया है। जिस भी प्राइवेट स्कूल में आरटीई विनियमों व स्कूल शिक्षा नियमों का उल्लंघन मिला तो उन स्कूल संचालकों के खिलाफ नोटिस जारी करके जवाब तलबी होगी। साथ ही शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को अपने अपने क्षेत्र स्थित इस तरह के प्राइवेट स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। अगर कहीं पर नियम तोड़ा हुआ पाया गया तो उस स्कूल मुखिया के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। इस मामले में किसी भी अधिकारी ने कोई कोताही व ढिलाई बरती तो उनके खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई होना तय है। इस बारे में शिक्षा विभाग ने पत्र जारी करके तत्काल निरीक्षण करने के आदेश दिए है। शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा व मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर पुस्तकों, वर्दी और अन्य स्कूल से संबंधित सामग्रियों की खरीद के संबंध में हरियाणा स्कूल शिक्षा नियम 2013 और आरटीई अधिनियम 2009 के अनुपालन के संबंध में - निजी स्कूलों में अनुचित व्यवहार की रोकथाम के निर्देश दिए है। भेजे गए निर्देशों में कहा गया कि विभाग के संज्ञान में आया है कि कुछ निजी स्कूल पुस्तकों, वर्दी और अन्य वस्तुओं की खरीद के संबंध में शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 और हरियाणा स्कूल शिक्षा नियम और विनियमन 2013 और विभाग द्वारा जारी अन्य दिशा-निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। निजी स्कूल संचालक अभिभावकों को एनसीईआरटी या सीबीएसई द्वारा अनुमोदित पुस्तकों के बजाय निजी प्रकाशकों से पुस्तकें खरीदने के लिए मजबूर कर रहे है, जिससे लागत में वृद्धि होती है। अगर कोई अभिभावक निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लाने से इंकार कर देता है तो उस अभिभावक को प्राइवेट पब्लिसर की किताबें खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है।

### कक्षावार बैग में वजन

| क्लास | बैग का वजन |
|---|---|
| कक्षा | 1-2 1.5 किग्रा |
| कक्षा | 3-5 2-3 किग्रा |
| कक्षा | 6-7 4 किग्रा |
| कक्षा | 8-9 4.5 किग्रा |
| कक्षा | 10 5 किग्रा |

### बार-बार यूनिफॉर्म बदलना पड़ेगा भारी

स्कूल यूनिफॉर्म को बार-बार बदलना, जिससे माता-पिता पर अनावश्यक वित्तीय बोझ पड़ता है। कुछ स्कूल विशिष्ट लोगो वाली यूनिफॉर्म अनिवार्य करते हैं, जिससे माता-पिता को उन्हें निर्धारित विक्रेताओं से बढ़ी हुई कीमतों पर खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है। दूसरी तरफ स्कूलों में पीने योग्य पानी के प्रावधान को अनिवार्य करने वाले नियमों के बावजूद छात्रों को स्कूल के जल स्रोतों से पानी पीने की अनुमति देने के बजाय पानी की बोतलें ले जाने के लिए मजबूर किया जाता है।

## ईवीएम के विरोध व जाति आधारित जनगणना के समर्थन को लेकर जेलभरो आंदोलन

# संविधान विरोधी गतिविधियों के विरोध में 300 लोगों ने दी सामूहिक गिरफ्तारी

- भाजपा को लोगों की वोट की नहीं जीतने के लिए ईवीएम की है जरूरत : रमेश दहिया
- इसी कड़ी में भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश दहिया के नेतृत्व में आंदोलन
- आंबेडकर का अपमान करने वालों का विरोध जताया
- संविधान विरोधी गतिविधियों के विरोध में प्रदर्शन

**शहर में जुलूस निकालते हुए**




**किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए तैनात पुलिस**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा मूलनिवासी बहुसंख्यक समाज विरोधी विभिन्न नीतियों और बहुसंख्यक समाज के ऐतिहासिक व संवैधानिक अधिकारों की उपेक्षा के खिलाफ वामसेफ व भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के नेतृत्व में बुधवार को राष्ट्रव्यापी जेलभरो आंदोलन हुआ। जिसके तहत प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर लोगों ने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ रोष जताते हुए अपनी गिरफ्तारियां दी।

इसी कड़ी में भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश दहिया के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय के मुख्य द्वारा पर जेलभरो आंदोलन किया गया। जिसके तहत करीबन 300 लोगों ने ईवीएम के विरोध, जाति आधारित जनगणना के समर्थन, वक्फ बोर्ड के संबंध में बनाए गए कानून के विरोध, चर्चो पर हो रहे हमलों के विरोध, संविधान विरोधी गतिविधियों के विरोध, बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वालों के विरोध में अपनी गिरफ्तारियां दी। इस मौके पर भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश दहिया व राष्ट्रीय क्रिश्चयन मोर्चा की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता पास्टर ने कहा कि आज देश में किसान, मजदूर, व्यापारी, बेरोजगार युवा, कर्मचारी सहित हर वर्ग अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सडक़ों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर है, लेकिन इसके बावजूद भी सरकार उनकी मांगों को नहीं मान रही, जिसका मुख्य कारण ईवीएम मशीन है।

### ये लगाए आरोप

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान की भाजपा सरकार ईवीएम मशीन में सैंटिंग कर चुनाव जीतने का काम कर रही है। जबकि 8 अक्तूबर 2013 को सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था कि ईवीएम के जरिएम पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। लेकिन इसके बावजूद भी सरकार ईवीएम को ना हटाकर खुले आम सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के अनुसार अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक आस्था की आजादी है, लेकिन भाजपा सरकार तानाशाही रवैया अपनाते हुए लोगों को धर्म व जाति के नाम बांटकर समाज को तोडऩे व देश को कमजोर करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का मतलब, लोगों का तंत्र यानि शासन तथा इसका मतलब जितनी जिसकी संख्या, उतनी उसकी हिस्सेदारी होनी चाहिए।

भाजपा ने लोकतंत्र को ही खत्म कर दिया तथा अब देश में तानाशाही शासन चल रहा है। जिसके चलते प्रत्येक वर्ग अपनी मांगों को लेकर सडक़ों पर है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही की जड़ ईवीएम मशीन है, क्योंकि भाजपा जानती है जब तक देश में ईवीएम रहेगी, तब तक उन्हे हराना मुश्किल है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुरेंद्र भोला, राष्ट्रीय क्रिश्चयन मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बीरू राम, राष्ट्रीय क्रिश्चयन मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र भोला, राष्ट्रीय क्रिश्चयन मोर्चा के चेयरमैन दौलतराम वर्मा, सज्जन सिंह, मा. जय कुमार, राष्ट्रीय क्रिश्चयन मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतपाल थौमा, भारत मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतीश मेहरा, भारत मुक्ति मोर्चा के तोशाम ब्लॉक अध्यक्ष सोमबीर छपार, सुमित्रा सांगा, डा. शालिनी, मंजू गौतम, अनिल नाथुवास, सतीश गौतम, रामपाल मेहरा, रोहताश बीरण, राजू खरक, वजीर जमालपुर, राष्ट्रीय सिख मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सरदार अंकुर सिंह, रामकुमार, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजीव सैनी, गणेशीलाल वर्मा, सतबीर बिरथलिया, धर्मबीर सांगा, राकेश सांगा, कृष्ण सांगा, रामकिशन काजल, ओमप्रकाश सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


भिवानी। समूहगान प्रस्तुत करती जैन समाज की महिलाएं।। फोटो : हरिभूमि

## महावीर जयंती के उपलक्ष्य पर महामंत्र दिवस मनाया

# नवकार मंत्रोच्चार से गूंज उठा प्रेक्षा विहार

- नमस्कार महामंत्र में असीमित शक्तियां, जप से समाप्त होती जीवन की सभी व्याधि
- प्रात :8 :01 से 9 :36 तक नमस्कार महामंत्र का जाप किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रेक्षा विहार में महावीर जयंती के उपलक्ष्य पर समस्त जैन समाज ने अंतरराष्ट्रीय नमस्कार महामंत्र दिवस का आयोजन किया। जैन समाज के तीनों प्रमुख घटकों ने संयुक्त आयोजन से कार्यक्रम की गरिमा कई गुना बढ़ गई। समस्त जैन समाज एवं शहर के अनेक प्रबुद्ध लोगों ने प्रातः 8:01 से 9:36 तक नमस्कार महामंत्र का जाप किया। गौरतलब हैं कि विश्व शांति के लिए जीतो संस्था द्वारा समस्त जैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में दुनिया के 100 देशों तथा भारत में 6000 स्थानों पर ये आयोजन किया गया।

### आपसी सौहार्द बढ़ता है ऐसे आयोजनों से

इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विज्ञान भवन में उपस्थित होकर नमस्कार महामंत्र की महिमा का गुणगान किया। प्रेक्षा विहार में उपस्थित धर्मसभा को संबोधित करते हुए निरंकारी मंडल के क्षेत्रीय प्रमुख बलदेवराज नागपाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी सौहार्द बढ़ता है और विश्व शांति एवं भाईचारा कायम रहता है।

### नमस्कार महामंत्र में असीमित शक्तियां

जीवन विज्ञान योग ध्यान ट्रस्ट के अध्यक्ष शिव रतन गुप्ता एवं मंत्री सुरेंद्र जैन अधिवक्ता ने गणमान्य लोगों का स्वागत किया और कहा कि इस आयोजन से एक विश्व रिकॉर्ड बनने जा रहा है। नमस्कार महामंत्र में असीमित शक्तियां हैं तथा इसका जप करने वाले के जीवन की सभी व्याधि समाप्त हो जाती हैं। महिला मंडल की बहनों ने मंगलाचरण गीतिका प्रस्तुत की तथा आभार ज्ञापन अशोक जैन ने किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सन्मति जैन, सुरेंद्र जैन, रमेश बंसल, विकास जैन, सीमा जैन, संस्कृति, निशा, संध्या, भारत भूषण जैन, पवन जैन, साक्षी जैन, पीयूष सेठी, शुभम जैन, बाबा जगन्नाथ, अनिल सिंगला, सतबीर रंगा, सुनील सर्राफ, राजेंद्र कौशिक, केके वर्मा व डॉ. मदन मानव आदि उपस्थित थे।

## आदर्श महिला महाविद्यालय में जल संरक्षण को लेकर विस्तार व्याख्यान का आयोजन

# वैश्विक जनसंख्या में भारत की भागीदारी 19 फीसदी पीने लायक जल आपूर्ति केवल 4 प्रतिशत: भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वैश्विक स्तर पर जल आपूर्ति बड़ी चुनौती बन गई हैं, खासकर भारत जैसे में जहां जनसख्या वृद्धि, वातावरण में बदलाव, कृषि में उपयोग तकनीके और जीवन दिनचर्या में बदलाव जैसे कारण लगातार बढ़ रहें हैं, ये उद्गार आदर्श महिला महाविद्यालय में जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए जल संरक्षण प्रकोष्ठ एवं ग्रीन क्लब के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित विस्तार व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय जियोफिजिक्स विभाग के चैयरमैन प्रोफेसर भगवान सिंह चौधरी ने कहे। उन्होंने जल संकट की गंभीरता एवं समाधान के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जल संकट आज वैश्विक स्तर पर गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से भारत जैसे देश में विश्व की 19 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है, वहां मात्र 4 प्रतिशत जल संसाधन उपलब्ध हैं, जो बहुत ही गंभीर एवं चिंतनीय विषय हैं। उन्होंने जल संकट के प्रमुख कारणों में जनसंख्या वृद्धि, बदलती जीवनशैली, जलवायु परिवर्तन और अप्रयुक्त कृषि तकनीकों को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने जल संरक्षण के लिए कई प्रभावशाली उपाय सुझाए, जिनमें वर्षा जल संचयन, कृषि तकनीकों में सुधार, और घरेलू जल संरक्षण को प्रमुखता दी।


भिवानी। जल संरक्षण को लेकर व्याख्यान देते प्रो भगवान सिंह चौधरी।

## मई माह जैसी तपिश ने पारे को लगाए पंख


# पारा 41 डिग्री पार, जनजीवन प्रभावित-हर कोई लाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लोगों को अभी तक इस बात का कतई इलम नहीं था कि अप्रैल माह में इतनी ज्यादा गर्मी भी पड़ने लगेगी। अप्रैल माह का एक सप्ताह ही बीता है कि गर्मी ने अपने तल्ख तेवर दिखाने आरंभ कर दिए। हालात ये बने है सूर्य की जबरदस्त तपिश की वजह से पारा 41 डिग्री सेल्सियस को पार करने को आतुर है। हालांकि शाम व सुबह के वक्त हलकी बादलवाई या फिर पूर्वी हवा चलने की वजह से थोड़ा सा पारे पर ब्रेक है,लेकिन अगर इसी तरह की स्थिति बनी रही तो शायद इस बार मई व जून माह में पारा 46-47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार बन गए है। जबरदस्त गर्मी की वजह से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। हर कोई गर्मी से परेशान नजर आया। दूसरी तरफ कूलर व एसी के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त पारा 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। थोड़ा सा दिन चढ़ तो पारा भी अपडेट होने लगा। दस बजे तो पारा 35 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। धीरे धीरे दिन चढने लगा तो पारा भी उपर चढ़ता गया। दिन में दो बजे पारा 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। झुलसाने वाली गर्मी पड़ने की वजह से पूरे दिन लोग परेशान रहे। लोग गर्मी से बचने के लिए छायादार पौधे या फिर कूलर पंखों के आगे बैठे नजर आए। शाम तक इसी तरह का माहौल रहा। शाम होने के बाद ही पारे का नखरा थोड़ा सा ढीला हुआ। गर्मी कम होने के बाद ही लोगों को थोड़ी राहत मिली।


भिवानी। गर्मी से बचने के लिए कपड़ा ओढ़कर गंतव्य की ओर जाती छात्राएं।





डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब अचानक शुरू हो हेयर फॉलिंग की प्रॉब्लम



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरे बाल कुछ ज्यादा ही झड़ रहे हैं। कृपया बताएं कि इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुर, रायपुर**

आप इस बात पर गौर करें कि क्या आपका रहने का स्थान चेंज हुआ है? मतलब आप जो पानी पीते हैं, वो तो नहीं बदला है, क्योंकि कई बार पानी बदलने की वजह से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आपने बताया है कि समस्या अभी शुरू हुई है। अगर ऐसा है तो आपको पानी बदलना चाहिए, साथ ही बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के शैंपू और साबुन का प्रयोग कम से कम करें। अगर प्रॉब्लम ज्यादा है तो आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के बाद भी मेरा गला सूखता रहता है। हमेशा प्यास-सी लगी रहती है। ऐसा क्यों होता है? कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-पवन, बिलासपुर**

यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, क्योंकि मौसम बदलने यानी गर्मी के मौसम में यह समस्या काफी लोगों को देखी जा रही है। अगर ऐसा है तो चिंता की बात नहीं है, प्यास के अनुसार पानी पीते रहें। लेकिन अगर सभी मौसम में ऐसा है तो जरूर आपको ध्यान देना चाहिए। हालांकि कई बार पेट की समस्या की वजह से प्यास ज्यादा लगती है, इस बात पर ध्यान दें। फिलहाल कुछ दिनों के लिए अधिक ऑयली खाना ना खाएं, इस तरह परिवर्तन करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मुझे सिगरेट पीने की लत है। कई बार इस लत को छोड़ने की कोशिश की, लेकिन छोड़ नहीं पाया। कृपया कोई उपाय बताएं, जिससे मेरी स्मोकिंग छूट जाए।**

**-संकेत, रोहतक**

मौजूदा समय में देश में कई शहरों में ऐसे सरकारी केंद्र हैं, जहां पर इस तरह की लत छुड़वाई जाती है। वहां डॉक्टर ऐसी दवा देते हैं, जिससे उस जैसे केमिकल बॉडी को मिलते हैं, जो सिगरेट पीने के दौरान मिलते हैं और इसकी मात्रा धीरे-धीरे करके कम की जाती है, जिससे आदत छोड़ने में मदद मिलती है। तो बेहतर होगा कि आप एक बार किसी ऐसे सेंटर में संपर्क कर लें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। आजकल मुझे छोटी-छोटी बातों पर बहुत अधिक गुस्सा आता है। गुस्से की वजह से मेरे हाथ-पैर कांपने लगते हैं और पसीना भी बहुत आता है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-महेंद्र प्रताप, बलौदा बाजार**

आपके लक्षणों से ऐसा लग रहा है कि बीपी बढ़ने की वजह से इस तरह की समस्या आ रही है। बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर अपने बीपी की जांच कराएं। क्योंकि बीपी का प्रमुख लक्षण कुछ ऐसा ही होता है। अगर ऐसा है तो डॉक्टर आपके लिए दवा शुरू करेंगे, जिसे आपको रेग्युलर खाना पड़ेगा, जिससे आराम मिलेगा। इसे लेकर लापरवाही न बरतें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में सोडियम का लेवल कम आया है। मैं दवा तो ले रहा हूं लेकिन प्लीज बताएं मुझे कैसी डाइट लेनी चाहिए, जिससे सोडियम लेवल नॉर्मल करने में मदद मिल सके?**

**-संजय, महासमुंद**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, सोडियम की कमी से परेशानी हो सकती है। हालांकि सोडियम की कमी और अधिकता नुकसानदेय हो सकती है। आपको खान-पान में ध्यान देना होगा। सामान्य नमक का सेवन करना होगा। बेहतर होगा कि आप एक बार डाइटिशियन से संपर्क कर लें, वो खान-पान का चार्ट बनाकर देंगे, उसी के अनुसार डाइट लेने से सोडियम बैलेंस रहेगा। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. विनय गोयल
चेयरमैन-मूवमेंट डिसऑर्डर-न्यूरोलॉजी मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

स्पेशल: वर्ल्ड पार्किंसंस डे, 11 अप्रैल

आमतौर पर माना जाता है कि पार्किंसंस रोग बुजुर्गों में होता है लेकिन यंग और मिड एज के लोग भी इससे ग्रस्त हो सकते हैं। यह एक न्यूरोलॉजिकल रोग है, जिसके कई कारण हो सकते हैं। इस रोग के होने के कारणों, लक्षणों, इससे जुड़े मिथ्स-फैक्ट्स और केयर के तरीकों के बारे में यहां बता रहे हैं।

# प्रॉपर केयर से बेहतर होती है पार्किंसंस पेशेंट की लाइफ



इंटरनेशनल पार्किंसंस एंड मूवमेंट डिसऑर्डर सोसाइटी (एमडीएस) के अनुसार पार्किंसंस धीमी गति से बढ़ने वाला न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग है, जो मस्तिष्क में डोपामाइन (डोपामिन) नामक रसायन के स्तर को कम कर देता है। यानी, पार्किंसंस की समस्या में मस्तिष्क की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) की क्षति होती है, जिसके परिणामस्वरूप शरीर में कंपन जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं। आमतौर पर इसे वृद्धावस्था की समस्या माना जाता है, लेकिन मौजूदा दौर में युवा वर्ग (जिनकी उम्र 40 वर्ष से कम है) में भी इस समस्या के मामले बढ़ रहे हैं। इस रोग को लेकर लोगों में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए हर वर्ष 11 अप्रैल को वर्ल्ड पार्किंसंस डे मनाया जाता है। ब्रिटिश डॉक्टर जेम्स पार्किंसन ने इस समस्या को आधुनिक मेडिकल साइंस में मान्यता दिलवाने के संदर्भ में सार्थक पहल की थी। इसलिए उनके जन्मदिवस 11 अप्रैल को वर्ल्ड पार्किंसंस डे के रूप में मनाया जाता है।

## रोग के कारण

मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रसायन की कमी इस समस्या का एक प्रमुख कारण है। इसके अलावा भी कुछ वजहें हो सकती हैं।

**जेनेटिक कारण:** इसके अंतर्गत लगभग 20 ऐसे 'जींस' हैं, जिनके विकारग्रस्त या असामान्य होने से लोग पार्किंसन से ग्रस्त होते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो जेनेटिक डिफेक्ट के कारण एक बड़ी संख्या में लोग पार्किंसन की समस्या से ग्रस्त होते हैं।

**मस्तिष्क में चोट:** विभिन्न कारणों जैसे ऊंचाई से गिरने या दुर्घटना से मस्तिष्क में चोट लगने पर कालांतर में पार्किंसन की समस्या हो सकती है।

**लकवा:** उच्च रक्तचाप या फिर स्ट्रोक होने के बाद होने वाले पैरालिसिस से पार्किंसंस से ग्रस्त होने का जोखिम बढ़ जाता है।

## प्रमुख लक्षण

- चलने में परेशानी या चाल में धीमापन।
- मांसपेशियों में अकड़न।
- शारीरिक संतुलन में दिक्कत।
- दाहिने या बाएं हाथ में कंपन होना।
- आमतौर पर पार्किंसन से ग्रस्त व्यक्ति जब विश्रामपूर्ण स्थिति में होता है, तब उसके हाथों में कंपन होता है, लेकिन काम करने की स्थिति में नहीं होता।



- पार्किंसन से ग्रस्त लोगों का शरीर आगे की तरफ झुक जाता है।
- लिखावट का छोटा होना, जिसे मेडिकल भाषा में माइक्रोग्राफिया कहते हैं।
- आवाज में धीमापन।
- रक्तचाप का निम्न या 'लो' होना।
- छोटे-छोटे कदमों वाली चाल।
- आवाज के वॉल्यूम का कम हो जाना।
- ऐसे लोग एक ही सांस में बोलना चाहते हैं। इस कारण वे शब्दों का सही उच्चारण नहीं कर पाते हैं।
- अकसर कब्ज की समस्या होना और सूंघने की क्षमता कम हो जाना।
- अनिद्रा की समस्या या नींद कम आना।



## ऐसे मिलेगी राहत

फिलहाल पार्किंसंस रोग का कोई स्थाई उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन लक्षणों से राहत पाकर पीड़ित व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बनाए रखने में मदद करने के लिए उपचार अवश्य उपलब्ध हैं। इसके इलाज को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है। मेडिकल मैनेजमेंट, सर्जरी और नॉन मेडिकल ट्रीटमेंट।

**मेडिकल मैनेजमेंट:** इसके अंतर्गत पार्किंसंस से पीड़ित मरीज को न्यूरोलॉजिस्ट के परामर्श से पहले ऐसी दवाएं दी जाती हैं, जिनसे शरीर में डोपामाइन नामक हार्मोन का लेवल बढ़े। गौरतलब है कि डोपामाइन के स्तर को बढ़ाने वाली दवाएं शुरुआती दौर में या एक निश्चित समय तक पार्किंसंस पीड़ितों को राहत प्रदान करती हैं, लेकिन लगातार दवा लेने के कुछ वक्त के बाद ऐसी दवाओं के साइड इफेक्ट मरीज पर पड़ सकते हैं।

**पैलिडोटॉमी:** इस न्यूरोसर्जिकल प्रक्रिया का उपयोग अकसर डीप ब्रेन स्टिमुलेशन के विकल्प के रूप में, पार्किंसंस रोग के इलाज के लिए किया जाता है।

**डीप ब्रेन स्टिमुलेशन:** यह पार्किंसंस रोग का सर्जिकल उपचार है, जिसके अंतर्गत पार्किंसंस से पीड़ित व्यक्ति के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड्स डालकर मस्तिष्क की 'सिग्नल प्रणाली' को सही किया जाता है।


**नॉन मेडिकल ट्रीटमेंट:** इसके अंतर्गत नियमित व्यायाम, संतुलित पौष्टिक खान-पान, पर्याप्त नींद, योग और मेडिटेशन और स्वास्थ्य कर जीवनशैली से संबंधित बातों को शामिल किया जाता है। पार्किंसंस से ग्रस्त लगभग 40% व्यक्ति कब्ज की समस्या से पीड़ित रहते हैं। इसलिए ऐसे व्यक्तियों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

**जीन थेरेपी और स्टेम सेल थेरेपी:** भविष्य में पार्किंसंस के इलाज में जीन थेरेपी और स्टेम सेल थेरेपी का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा, ऐसा जीववैज्ञानिकों का मानना है। इस संदर्भ में अमेरिका और यूरोप महाद्वीप के कई देशों में शोध व अध्ययन जारी हैं। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### पार्किंसंस से जुड़े मिथ्स और फैक्ट्स

**मिथ:** पार्किंसंस एक संक्रामक रोग है।
**फैक्ट:** पार्किंसंस संक्रामक रोग नहीं है। यह किसी व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है।
**मिथ:** केवल वृद्ध लोगों को पार्किंसंस होता है।
**फैक्ट:** आमतौर पर पार्किंसंस के मामले 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं, लेकिन युवावर्ग (40 साल तक की उम्र वालों) में भी इस रोग के मामले सामने आ रहे हैं।
**मिथ:** पार्किंसंस लाइलाज बीमारी है।
**फैक्ट:** यह सही है कि पार्किंसंस का कोई विशिष्ट स्थाई इलाज फिलहाल नहीं है, लेकिन इस बीमारी के लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए उपचार उपलब्ध हैं। जैसे दवाएं, सर्जरी, व्यायाम आदि।



**मिथ:** पार्किंसंस रोग से पीड़ित हर व्यक्ति के हाथ-पैर कांपते हैं।
**फैक्ट:** यह सही है कि कंपन पार्किंसंस बीमारी का एक आम लक्षण है, लेकिन यह हर मरीज को नहीं होता। पार्किंसंस वालों को चलने में परेशानी या चाल में धीमापन, मांसपेशियों में अकड़न और शारीरिक संतुलन में दिक्कत आदि समस्याएं भी हो सकती हैं।
**मिथ:** पार्किंसंस रोग वाले मरीज सामान्य जीवन नहीं जी सकते हैं।
**फैक्ट:** अगर पार्किंसंस से पीड़ित लोग डॉक्टर के परामर्श पर अमल कर अपना इलाज करवाते हैं तो वे सामान्य जीवन जी सकते हैं।
**मिथ:** पार्किंसंस से ग्रस्त हो जाने के बाद लोगों की रचनात्मक क्षमता कम हो जाती है।
**फैक्ट:** समुचित इलाज कराते रहने से पार्किंसंस के दुष्प्रभाव मरीज पर हावी नहीं होने पाते, जिसके परिणामस्वरूप उनकी रचनात्मक क्षमता पर बहुत कम या नगण्य प्रभाव पड़ सकता है।
**मिथ:** पार्किंसंस रोगी की जीवन प्रत्याशा कम हो सकती है।
**फैक्ट:** यह सही है कि कुछ मामलों में पार्किंसंस रोगी की जीवन प्रत्याशा कम हो सकती है, लेकिन डॉक्टर के परामर्श पर अमल करने वाले मरीज सामान्य जीवन प्रत्याशा के साथ जी सकते हैं।

---

हर्बल जोन / रेखा देशराज

# भरपूर बलवर्धक विदारीकंद



आयुर्वेद की सदियों पुरानी जड़ी-बूटी विदारीकंद के साथ अनेक किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं। माना जाता है कि महाभारत काल में भीम और दुर्योधन में जो हाथियों जैसा बल था, उसकी वजह विदारीकंद जड़ी बूटी ही थी। विदारीकंद को भारतीय कुड़जू के नाम से भी जानते हैं। विदारीकंद देखने में शकरकंद जैसी प्रतीत होती है। इसका वैज्ञानिक नाम प्यूररिआ ट्यूबरोजा है। इसमें अनगिनत पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह शारीरिक शक्ति में वृद्धि करती है। यह प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने वाली और तेजी से रिकवरी करने वाली टॉनिक के रूप में भी इस्तेमाल की जाती है। विदारीकंद का इस्तेमाल अनेक दवाइयों को बनाने में किया जाता है। उत्तर भारत के मैदानी और पहाड़ी इलाकों में यह लता के रूप में फैलती है और जमीन के अंदर इसके कंद का विकास होता है। लेकिन आजकल इसकी खूब खेती भी होती है। यह एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होती है। पुरुषों द्वारा इसे नियमित रूप से सेवन किए जाने पर प्रजनन क्षमता बढ़ती है। इसके सेवन से त्वचा में निखार आता है। विदारीकंद का चूर्ण मुनक्का के साथ खाने पर यह बच्चों के शरीर को मजबूत करती है। इसकी तासीर मधुर, स्निग्ध, शीतल और शुक्रवर्धक होती है। बाजार में बहुत आसानी से विदारीकंद का पावडर उपलब्ध होता है। विदारीकंद में पाया जाने वाला दूध उन महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद होता है, जो ब्रेस्टफीडिंग कराती हैं। विदारीकंद का उपयोग करने से उनमें दूध की मात्रा भी बढ़ती है और गुणवत्ता में सुधार होता है। लेकिन इसका इस्तेमाल हमेशा दूध पिलाने वाली मांओं को डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए। यह पुरुषों के मानसिक तनाव और चिंता को कम करता है। यह उन लोगों के लिए भी बड़ी उपयोगी जड़ी बूटी है, जो मूत्र संबंधी परेशानियों से ग्रस्त हैं। इसके सही सेवन से पेशाब करते समय होने वाली जलन और दर्द से राहत मिलती है। लेकिन जहां विदारीकंद इतनी फायदेमंद जड़ी-बूटी है, वहीं इसके कुछ नुकसान भी हैं। इसका ज्यादा इस्तेमाल करने से लिवर डैमेज हो सकता है। साथ ही खुजली की समस्या, उल्टियां और शरीर में लाल रक्त कणिकाओं की कमी हो सकती है। इसलिए विदारीकंद का सेवन कभी भी बिना डॉक्टर या आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह के नहीं करना चाहिए। *

---

डाइट सजेशन
विवेक कुमार

हमारे डेली डाइट रूटीन में सुबह के नाश्ते का बड़ा रोल होता है। खाली पेट हम जो भी खाते हैं, उसका हमारी हेल्थ और फिटनेस पर सीधा असर पड़ता है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि नाश्ते में क्या खाएं और क्या न खाएं?

# ऐसी हो मॉर्निंग डाइट आप रहेंगे हेल्दी-फिट




आपके फिट दिखने और स्वस्थ होने में इस बात की बड़ी भूमिका है कि आप किस समय क्या खाते हैं? सुबह खाली पेट क्या खाएं और क्या न खाएं, अगर आपको इस बात की समझ है तो आप हेल्दी-फिट रहेंगे। लब्बोलुआब यह कि आपको इस बात की समझ होनी बहुत जरूरी है कि किस समय क्या खाएं?

**सबसे पहले गुनगुना पानी:** यह इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे शरीर हाइड्रेट रहता है, मेटाबॉलिज्म मजबूत और सक्रिय रहता है और यह शरीर के टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसलिए सुबह उठने के बाद सबसे पहले एक-दो गिलास, जितना सहजता से पी सकें गुनगुना पानी पीएं। इसमें नीबू और शहद मिलाकर पीएं तो और अच्छा है। फ्रेश नारियल पानी पीना भी बहुत फायदेमंद होता है क्योंकि यह इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है और शरीर को प्राकृतिक तरीके से रिहाइड्रेट करता है। घी या शुद्ध मक्खन के साथ सुबह गर्म पानी पीना भी बहुत फायदेमंद है क्योंकि एक चम्मच घी या मक्खन के साथ गर्म पानी पीना शरीर को साफ करता है और वेट लॉस में भी मदद करता है।

**डेटॉक्स वॉटर:** सुबह-सुबह डेटॉक्स वॉटर (इसे आसानी से घर में बना सकते हैं) पीने के कई फायदे हैं, जैसे- यह हाइड्रेशन बढ़ाता है क्योंकि स्वादिष्ट होने के कारण इसे आप साधारण पानी की तुलना में ज्यादा पीते हैं। यह वजन घटाने में मददगार है क्योंकि यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसे पीने से स्किन चमकदार बनती है, क्योंकि यह विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसे पीने से पाचन सुधरता है, यह पाचनतंत्र को सही रखने में मदद करता है।

**भीगे बादाम और अखरोट:** सुबह फ्रेश होने के बाद सबसे पहले भीगे बादाम और अखरोट खाना बहुत फायदेमंद होता है। ये विटामिन ई, प्रोटीन और हेल्दी फैट्स के अच्छे स्रोत हैं। बादाम और अखरोट दिमाग को तेज और पेट को भरा हुआ महसूस कराते हैं। सुबह खाली पेट भीगे हुए बादाम और अखरोट खाने से इम्यूनिटी बढ़ती है। बादाम और अखरोट में प्रोटीन, जिंक, आयरन, विटामिन ए और फोलिक एसिड होता है, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। ये खाने से याददाश्त में सुधार होता है, क्योंकि बादाम में ओमेगा फैटी एसिड और विटामिन ई होता है, जो याददाश्त बढ़ाने में मदद करता है। इन्हें खाने से वजन कम होता है। बादाम और अखरोट में फाइबर होता है, जो लंबे समय तक पेट भरा रखता है और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। इन्हें खाने से हार्ट हेल्थ बेहतर होता है। बादाम और अखरोट में पोटैशियम होता है, जो हृदय को स्वस्थ रखता है। बादाम और अखरोट में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों को मजबूत करता है।

**ताजे फल:** सुबह-सुबह ताजे फल खाने से फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और प्राकृतिक शुगर मिलती है, जो ऊर्जा से लबालब कर देती है। ऐसे फलों में पपीता, सेब, केला, नाशपाती, अमरूद, कीवी, अनार और तरबूज सबसे शानदार फल हैं। सुबह खाली पेट फल खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। शरीर को ज्यादा पोषक तत्व मिलते हैं। वजन कंट्रोल में रहता है। शरीर हाइड्रेट रहता है। दिल की सेहत अच्छी रहती है। इम्यूनिटी बढ़ती है।

**इनसे करें परहेज:** हालांकि ज्यादातर लोगों की आदत होती है लेकिन सुबह चाय या कॉफी पीने से बचना चाहिए क्योंकि इससे एसिडिटी होती है। इससे ब्लड शुगर लेवल में बदलाव आ सकता है। सुबह खाली पेट फ्रूट जूस पीने से भी बचना चाहिए क्योंकि जूस की प्रोसेस में फलों के रेशे और कई विटामिन, न्यूट्रिएंट्स नष्ट हो जाते हैं। पोषण के लिहाज से पूरे फल को ही डाइट में शामिल करना चाहिए। खाली पेट दही खाने से पेट के एसिड में इजाफा हो सकता है। ऐसे में, सुबह की शुरुआत दही खाने से न करें। इससे एसिडिटी और कब्ज हो सकती हैं। नाश्ते में स्पाइसी फूड्स सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे पेट में जलन पैदा हो सकती है, जिससे अपच, एसिडिटी और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। *

---

अवेयरनेस

अपोलो हॉस्पिटल्स के द्वारा करवाए गए टेस्ट स्टडी की रिपोर्ट, भारतीय लोगों में हेल्थ संबंधी समस्याओं के बारे में कई खुलासे करती है। इस बारे में आपको जानना चाहिए, ताकि आप भी अपनी हेल्थ को लेकर पूरी तरह अवेयर रहें।

# लक्षणों का न करें इंतजार रेग्युलर करवाएं चेकअप





हाल में ही अपोलो हॉस्पिटल्स ने अपनी 'हेल्थ ऑफ द नेशन 2025' रिपोर्ट का पांचवां संस्करण जारी किया है। जो स्पष्ट रूप से संदेश देता है कि 'लक्षणों का इंतजार न करें, बल्कि निवारक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।' देश भर में अपोलो सिस्टम से 2.5 मिलियन लोगों के हेल्थ चेकअप पर आधारित इस रिपोर्ट के अनुसार लाखों लोग क्रॉनिक बीमारियों से पीड़ित हैं, जबकि उनमें इन बीमारियों के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। उल्लेखनीय है कि इनमें से 26 फीसदी लोग हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) का शिकार हैं और 23 फीसदी डायबिटीज से पीड़ित हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि लक्षणों पर आधारित हेल्थकेयर अब व्यावहारिक नहीं रहा है।

**लोगों में बढ़ रही अवेयरनेस:** इस रिपोर्ट के मुताबिक निवारक स्वास्थ्य जांच अब कई गुना बढ़ गई है। 2019 में यह आंकड़ा 1 मिलियन था, जो 5 सालों में 150 फीसदी बढ़कर 2024 में 2.5 मिलियन पर पहुंच गया है। ये आंकड़े आम लोगों में बढ़ती जागरुकता और निवारक स्वास्थ्य जांच के बढ़ते महत्व की ओर इशारा करते हैं। यह रिपोर्ट तात्कालिक स्वास्थ्य की तीन चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करती है। फैटी लिवर रोग, मेनोपॉज के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य में गिरावट और बचपन में मोटापा। इन पर ध्यान देने की तुरंत जरूरत है। इस बारे में अपोलो हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. प्रताप रेड्डी के अनुसार, 'भारत में हर परिवार को स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर स्वस्थ एवं खुशहाल बनने का अवसर मिलना चाहिए। यह रिपोर्ट हर नागरिक को जागरूक एवं सशक्त बनाने, जल्द से जल्द टेस्ट या स्क्रीनिंग कराने की आवश्यकता पर जोर देती है।'

इस रिपोर्ट में इन प्रमुख रोगों के मामले सबसे अधिक सामने आए हैं।

**फैटी लिवर:** एक समय था, जब माना जाता था कि फैटी लिवर सिर्फ उन्हीं लोगों को होता है, जो शराब का सेवन करते हैं। लेकिन आज मोटापे, डायबिटीज और उच्च रक्तचाप के चलते भी फैटी लिवर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। 257,199 लोगों की जांच में 65 फीसदी में फैटी लिवर पाया गया। खास बात यह है कि इनमें से 85 फीसदी लोग शराब का सेवन नहीं करते हैं।



**महिलाओं का स्वास्थ्य:** इस रिपोर्ट से यह भी साफ है कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य में अचानक गिरावट आती है। मेनोपॉज से पहले डायबिटीज के 14 फीसदी मामले पाए गए, वहीं मेनोपॉज के बाद यह आंकड़ा 40 फीसदी दर्ज किया गया। इसी तरह ओबेसिटी की संभावना भी 76 फीसदी से बढ़कर 86 फीसदी हो गई और फैटी लिवर के मामले 54 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी पर पहुंच गए। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि हॉर्मोनल बदलाव का महिलाओं के स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। ऐसे में महिलाओं के लिए जरूरी है कि मेनोपॉज की अवस्था में पहुंचने पर वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पूरी तरह सजग रहें और रेग्युलर हेल्थ चेकअप करवाती रहें।

**बच्चों में ओबेसिटी:** रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि छात्रों में ओबेसिटी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य पर गहरा खतरा हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्राइमरी स्कूल के 8 फीसदी छात्रों का वजन सामान्य से अधिक पाया गया। किशोरावस्था तक ये आंकड़े और अधिक बढ़ जाते हैं।

निश्चित ही यह रिपोर्ट हमें अवेयर करती है कि हम अपनी हेल्थ का पूरा ध्यान रखें और रेग्युलर चेकअप करवाते रहें। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

## खबर संक्षेप

### छात्राओं को बैंकिंग सेवा से जुड़ी दी जानकारियां

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में लीगल लिट्रेसी सैल के तत्वावधान में साइबर सुरक्षा विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया। महाविद्यालय मीडिया प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि इस दौरान छात्राओं को डिजिटल युग की चुनौतियों के विषय में प्रमाण सहित जानकारीद दी।

### पात्र परिवार उठाए दयालु योजना का लाभ

**चरखी दादरी।** जिला के सभी पात्र परिवार दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) का लाभ उठाएं। दयालु हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। यह योजना परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या स्थाई विकलांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता देती है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि दयालु योजना का मकसद पात्र परिवारों को सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा देना है।

### नन्हें-मुन्नों ने जाना लाल रंग का महत्व

**तोशाम।** गांव कैरू के आदर्श कॉन्वेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को रेड डे मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने लाल रंग की पहचान और जीवन में उसके महत्व को जाना। कार्यक्रम के दौरान कक्षा नर्सरी से कक्षा प्रथम तक के बच्चे अपने घर से लाल रंग की वस्तुएँ लेकर आए साथ ही सभी बच्चे व शिक्षक लाल रंग की ड्रेस में ही थे।

### सभी जिलों में लागू किया जाएगा बागवानी मिशन

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत किए 2025-26 के बजट में समाज के सभी वर्गों विशेषकर किसानों के कल्याण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट में किसानों के कल्याण के लिए भी घोषणा की गई है। धान की पराली का प्रबंधन करने वाले किसानों को एक हजार रुपये के स्थान पर 1200 रुपये प्रति एकड़ अनुदान दिया जाएगा।

### आंगनबाड़ी केंद्र में रेडीनेस मेले का किया आयोजन

**भिवानी।** जिले के गांव मुढ़ाल खुर्द में प्ले स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र में रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और रिबन काटकर रेडीनेस मेले का शुभारंभ किया। एडीसी ने बच्चों के अभिभावकों से बात करते हुए अधिक से अधिक छोटे बच्चों को प्ले स्कूल में भेजने को प्रेरित किया।

### गिरता जल स्तर भविष्य में संकट का संकेत

**चरखी दादरी।** जल है तो कल है, इसलिए अगली पीढ़ी के लिए पानी की एक-एक बूंद बचाएं, पानी को व्यर्थ न बहाएं, क्योंकि पानी की एक एक बूंद बहुत ही कीमती हैं, जिसका उदाहरण गिरता जल स्तर हैं, जो भविष्य में होने वाले जल संकट का संकेत हैं, जिसे में हम नजर अंदाज कर रहे हैं, जो घातक सिद्ध होगा, ये बात उपायुक्त मुनीश शर्मा ने नागरिकों से पानी की बचत करने की अपील की है।

---

धरती के रहस्यों को समझने और भू भौतिकी में करियर पर विस्तार व्याख्यान

# धरती के भीतर छिपे रहस्यों को समझना आवश्यक: भगवान

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल बोले ऐसे विस्तार व्याख्यान विद्यार्थियों के करियर बनाने में एक अहम कड़ी का काम करते हैं


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के भौतिकी विभाग द्वारा धरती के रहस्यों को समझने और भू भौतिकी में करियर विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के सानिध्य एवं भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष मधु गुप्ता के दिशा निर्देशन में भौतिकी विभाग में किया गया। विस्तार व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भू भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ भगवान सिंह चौधरी ने शिरकत की।

सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ संजय गोयल, भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष मधु गुप्ता, आयोजन सचिव डॉ नरेंद्र कुमार, डीन एकेडमिक डॉ नरेंद्र चाहर, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र दलाल ने पुष्प गुच्छ के माध्यम से प्रोफेसर डॉ भगवान सिंह चौधरी का स्वागत किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के विस्तार व्याख्यान विद्यार्थियों के करियर बनाने में एक अहम कड़ी का काम करते हैं। उन्होंने विस्तार व्याख्यान की संयोजक भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष मधु गुप्ता के इस प्रयास की सराहना की।

विस्तार व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ भगवान सिंह चौधरी ने अपने व्यक्तव्य में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि धरती के भीतर छुपे रहस्यों को समझने की कोशिश इंसान सदियों से कर रहा है। भू भौतिकी, जो पृथ्वी के भौतिक गुणों और उसके आंतरिक संरचनाओं का अध्ययन करती है, इस दिशा में एक महत्वपूर्ण विज्ञान है। इस क्षेत्र में किए गए शोधों ने हमें धरती के बारे में अनगिनत नए तथ्य और ज्ञान दिया है। उन्होंने कहा कि आज हम इस विज्ञान के विभिन्न पहलुओं और इस क्षेत्र में करियर के अवसरों पर एक नज़र डालते हैं। उन्होंने बताया कि हम भू भौतिकी, पृथ्वी के भीतर और उसके बाहरी वातावरण में होने वाली भौतिक प्रक्रियाओं का अध्ययन करते है। इसमें पृथ्वी के मैग्नेटिक फील्ड, भूकंपीय तरंगों, पृथ्वी की आंतरिक संरचना का विश्लेषण किया जाता है।

#### भू भौतिकी में अध्ययन से मदद मिलेगी

उन्होंने बताया कि भू भौतिकी में अध्ययन करने से वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलती है कि पृथ्वी का निर्माण कैसे हुआ और इसके भीतर क्या-क्या घटनाएँ घटित होती रहती हैं। पृथ्वी की आंतरिक संरचना, उसकी सतह पर होने वाली हलचलें, और भूगर्भीय घटनाएँ जैसे भूकंप और ज्वालामुखी की गतिविधियाँ, सभी भू भौतिकी के अध्ययन के मुख्य पहलू हैं। भूकंपों की भविष्यवाणी, जलवायु परिवर्तन, और प्राकृतिक संसाधनों का अन्वेषण जैसे विषय भू भौतिकी के प्रमुख क्षेत्रों में आते हैं।

#### 100 से अधिक विद्यार्थियों ने शिरकत की

उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों ने इन शोधों के माध्यम से धरती के भूतकाल, वर्तमान और भविष्य को बेहतर तरीके से समझने का प्रयास किया है। भू भौतिकी के क्षेत्र में करियर के कई अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में अध्ययन करने वाले व्यक्तियों को विभिन्न सरकारी और निजी संस्थानों में रोजगार मिल सकता है। सरकारी संस्थाएं जैसे भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी और पर्यावरण मंत्रालय इस क्षेत्र में कार्यरत हैं। भू भौतिकी में डिग्री और विशेषज्ञता प्राप्त करने के बाद, उम्मीदवारों को रिसर्च, पर्यावरणीय परामर्श, प्राकृतिक संसाधन की खोज, और भूवैज्ञानिक डेटा विश्लेषण जैसे क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलता है। इसके अलावा, कंपनियां और संस्थान तेल, गैस, खनिज और अन्य प्राकृतिक संसाधनों की खोज में भी भू भौतिकियों की सेवाएं लेते हैं। वक्तव्य के पश्चात पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्य वक्ता को एक फूलदान भेंट करके उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंच का सफल संचालन डॉ रीना ने किया। इस अवसर पर भौतिकी विभाग के 100 से अधिक विद्यार्थियों एवं प्राध्यापक पवन कुमार, पारुल , सुमन ,अजय गोयल, लैब अटेंडेंट मोनिका ,लैब असिस्टेंट दलबीर सिंह,जितेंद्र बसिया आदि उपस्थित रहे।

---


भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते। फोटो : हरिभूमि

## मांगों की अधिसूचना जारी करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

- भाजपा ओबीसी सर्व समाज समरसता सम्मेलन में की गई घोषणाओं की अधिसूचना जारी करे सरकार
- 10 माह बाद भी घोषणाओं की अधिसूचना जारी नहीं होने से पिछड़ा वर्ग में निराशा : गणेशीलाल वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राष्ट्रीय कुम्हार महासभा हरियाणा ने 23 जून 2024 को आयोजित हुए भाजपा ओबीसी सर्व समाज समरसता सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग को लेकर गई घोषणाओं की अधिसूचना जारी करने की मांग को लेकर विधायक घनश्याम सर्राफ के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपा है। विधायक की तरफ से उनके पीए ने ज्ञापन लिया। महासभा के प्रवक्ता गणेशीलाल वर्मा ने कहा कि इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने ओबीसी समुदाय के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की थी। इनमें क्रीमीलेयर की आय सीमा को 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये करना, सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए आरक्षण बढ़ाना, और कौशल रोजगार निगम में 27त्न आरक्षण प्रदान करना शामिल था। लेकिन 10 माह बीत जाने के बाद भी अधिसूचना जारी नहीं हुई है।

#### ये रखी मांगें

उन्होंने मांग करते हुए कहा कि प्रथम व द्वितीय श्रेणी के सभी सरकारी अर्ध सरकारी पदों पर 16 जमा 11 का 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करें तथा शीघ्र बैकलॉग पूरा करने के आदेश जारी करे, कौशल रोजगार निगम की भर्तियों में अनुमानित 80 लाख पिछड़ी आबादी को 16 जमा 11 बराबर 27 प्रतिशत पूर्ण रूपेण आरक्षण लागू करें ताकि भविष्य में भी पिछड़ा वर्ग का स्नेह उनके साथ जुड़ा रहे। इस मौके पर कुलदीप व संजय तंवर ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के लोग लंबे समय समय से अपने अधिकारों से वंचित है तथा उन्हे अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से ही उम्मीद है। उन्होंने सीएम से मांग की कि वे जल्द से जल्द घोषणाओं की अधिसूचना जारी करें, ताकि पिछड़ा वर्ग के लोगों का उत्थान कर उन्हे समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकें।

---

## सरसों पर जीएसटी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**तोशाम।** तोशाम अनाज मंडी में सरसों पर जीएसटी वसूलने का विरोध जताते हुए आढ़तियों ने हरियाणा भंडारण निगम के जिला प्रबंधक दिलबाग सिंह को ज्ञापन सौंपा। तोशाम के आढ़ती बुधवार को जीएसटी के विरोध में उतर आए। आढ़तियों ने सरसों खरीद में 5 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करने में पूरी तरह से असमर्थता जाहिर की। तोशाम अनाज मंडी परिसर में रोष जताते हुए आढ़ती एसोसिएशन उपप्रधान अनिल शर्मा ने कहा कि हरियाणा राज्य भंडार निगम के द्वारा जो जीएसटी देनी चाहिए वह जीएसटी हम नहीं देंगे।
ज्ञापन सौंपकर आढ़तियों ने कहा कि हम पांच प्रतिशत जीएसटी जो हरियाणा राज्य भंडारा निगम द्वारा सरसों की खरीद पर ली जाती है वह नहीं देंगे।

## विधायक वाल्मीकि ने सब हेल्थ सेंटर की रखी नींव

- ग्रामीणों के लिए वरदान साबित होगा सब हेल्थ सैंटर : विधायक


भिवानी। सेंटर के भवन की भूमि पूजन करवाते हुए।

**भिवानी।** गांव मिताथल के ग्रामीण पिछले लंबे समय में गांव में सब हैल्थ सैंटर का भवन बनवाए जाने की मांग कर रहे थे, ताकि ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा बेहतर तरीके से मिल पाए। ग्रामीणों की इसी मांग को ध्यान में रखते हुए बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने गांव के बागसर जोहड़ के पास सब हैल्थ सैंटर के भवन का भूमि पूजन कर नींव रखी।

इस दौरान सरपंच नरेश सिवाच (नैसी) और ग्रामवासियों का भी विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि यह सब-हैल्थ सेंटर ग्रामीण जनता के लिए एक वरदान साबित होगा। इससे लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं अब अपने ही गांव में मिल सकेंगी और उन्हें शहर के अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यहां पर प्राथमिक चिकित्सा कक्ष, दवा वितरण केंद्र, महिला स्वास्थ्य परामर्श कक्ष और बच्चों के टीकाकरण की व्यवस्था की जाएगी।

## सरकारी स्कूलों के प्रति बदली धारणा: अंजू देवी

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ द्वारा चलाए जा रहे नामांकन अभियान के अंतर्गत आज खंड सचिव लाजपत जाखड़ के नेतृत्व में संघ की टीम ने तिगड़ाना, मंढ़ाणा और प्रेम नगर गांवों का दौरा किया। इस दौरान गांवों में रैलियां और सभाएं आयोजित कर लोगों का ध्यान सरकारी स्कूलों की ओर आकर्षित किया गया। तिगड़ाना गांव के सरपंच प्रदीप कुमार, मास्टर शमशेर सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अध्यापक संगठन को आश्वासन दिया कि वे गांव के सभी बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार, मंढ़ाणा और प्रेम नगर के ग्रामीणों ने भी अध्यापक संघ की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में वास्तव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है।

## गिग वर्कर्स को मिलेगा आयुष्मान भारत योजना का लाभ: डीसी

- गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों को सरकार की योजनाओं की जानकारी के लिए विशेष अभियान 17 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याणार्थ अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रत्येक वर्ग के कल्याणार्थ योजनाओं का क्रियान्वयन की जा रहा है। इसी कड़ी में श्रम विभाग द्वारा जिले में गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों को सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से 17 अप्रैल तक जिले में विशेष जागरूकता चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गिग वर्कर का अधिक से अधिक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने का भी अभियान चलाया जा रहा है। डीसी ने जिले के गिग वर्कर्स का आह्वान करते हुए कहा कि वे ई-श्रम पोर्टल पर अधिक से अधिक पंजीकरण करवाएं ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सकें। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गिग श्रमिकों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोडऩे की दिशा में पहल की है, जिनमे स्वास्थ्य सेवाएं, जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं शामिल है।

#### क्या है गिग वर्कर्स

सहायक श्रम आयुक्त (ई-श्रम) मनीष एवं लेबर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने विस्तार से जानकारी देते हुए गिग वर्कर्स वे लोग होते हैं जो अल्पकालिक, लचीले कामों में लगे होते हैं, जैसे कि कैब चलाना, ऑनलाइन डिलीवरी सेवाएँ या फ्रीलांस काम करना। गिग वर्कर्स को पूर्णकालिक कर्मचारियों की तुलना में बहुत कम रोजगार अधिकार और लाभ मिलते हैं, जिसमें अक्सर कोई बीमारी, वेतन, छुट्टी भत्ते या कंपनी पेंशन शामिल नहीं होती है। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार श्रम विभाग द्वारा गिग वर्कर्स का जीवन स्तर में सुधार करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान गिग वर्कर का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कर सामाजिक सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत योजना आदि का लाभ दिया जाएगा।

## भाजपा ऐसी पार्टी है, जिसकी नींव राष्ट्रवाद पर आधारित : दलाल



**बहल।** प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसकी नींव राष्ट्रवाद पर आधारित है। राष्ट्र की मजबूती और वैभव भाजपा का पहला लक्ष्य है। इस पार्टी में वंशवाद नहीं है। इसलिए, पार्टी के प्रति सच्ची निष्ठा रखकर मेहनत करने वाला साधारण कार्यकर्ता किसी भी ऊंचे पद तक जा सकता है। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत देश आने वाले दिनों में विश्व की तीसरी बड़ी शक्ति के रूप में उभरेगा। वे बुधवार को राजगढ़ रोड स्थित विनायक रिजार्ट में लोहारू हलके के सक्रिय कार्यकर्ताओं की बहल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी लोकतांत्रिक पार्टी है जिसमें हर कार्यकर्ता के लिए अवसर है। भाजपा का कार्यकर्ता कभी निज हित को आगे नहीं रखता है।

## गोरक्षा दल भिवानी का धरना व अनशन जारी

- मांगें माने जाने के बाद ही गौरक्षा दल भिवानी का धरना होगा खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। धरने पर बैठे गौ रक्षक। फोटो : हरिभूमि

भिवानी नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाह कार्यप्रणाली के खिलाफ कारवाई तथा घायल व बीमार गाय व अन्य जानवरों के लिए चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने की उचित व्यवस्था किए जाने की मांग को लेकर स्थानीय विधायक घनश्याम सर्राफ के कार्यालय में गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार के नेतृत्व में जारी गौरक्षा दल भिवानी का धरना व क्रमिक अनशन बुधवार को तीसरे दिन भी जा रहा। इस दौरान क्रमिक अनशन पर सोमवीर, रमन, दीपू नई, दिन्नू शर्मा, गौरव, अंकुर, आशीष, संदीप, विजय, अंकित शर्मा रहे। धरने व क्रमिक अनशन के तीसरे दिन पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. रविंद्र सहरावत, डा. सुभाष, नगर परिषद से एक्सईन जसवंत,ख्जेई आबीद खान, विश्व हिंदु परिषद का प्रांत मंत्री वरूण बजरंगी, विधायक के कार्यालय से आनंद तंवर, सीआईडी इंस्पेक्टर सुनील कुमार पहुंचे तथा उन्होंने गौरक्षा दल भिवानी के सदस्यों को मनाकर धरना खत्म करवाने का प्रयास किया। लेकिन गौरक्षा दल भिवानी के सदस्य अपनी बात पर अड़े रहे तथा तीसरे दिन भी सहमति बन बन पाई।

#### लापरवाह कार्यशैली

गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने बताया कि नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लापरवाह कार्यशैली अपनाने के चलते रोजाना अनेक घायल व बीमार गाय व अन्य जानवर दम तोड़ रहे है। उन्होंने कहा कि शहर में घायल व बीमार गाय व अन्य जानवरों की सेवा का कार्य नगर परिषद का है, लेकिन गौरक्षा दल भिवानी के सदस्य उसे एक सेवा के रूप में करते है। इसके बावजूद भी गौरक्षा दल भिवानी को सुविधाएं मुहैया करवाना तो दूर जो सुविधाएं उनके पास है, वह भी छीनी जा रही है। इस अवसर पर परमवीर, कुकी परमार, आदि, नवीन, मोहन, अंकित नंदा मौजूद रहे।

## रामअवतार और सुनील मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल के सदस्य बने


रामअवतार बंसल ईशरवालिया


सुनील शर्मा

**बहल।** हरियाणा सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों एवं माता-पिता के भरण पोषण के अधिकारों की रक्षा के लिए गठित मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल में नए सदस्यों की नियुक्ति की है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बहल कस्बे वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामअवतार बंसल ईशरवालिया को लोहारू के लिए मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल का सदस्य नियुक्त किया गया है जबकि भाजपा बहल के पूर्व मंडल प्रधान सुनील शर्मा को सिवानी क्षेत्र का सदस्य बनाया गया है।

गौरतलब है कि यह नियुक्ति हरियाणा सरकार की अधिसूचना के तहत की गई है जिसमें वरिष्ठ नागरिक अधिनियम 2007 और हरियाणा में लागू नियम 2009 के अनुसार ट्रिब्यूनल के गठन का प्रावधान है। ट्रिब्यूनल में एक अधिकारी सदस्य के अलावा दो गैर सरकारी सदस्यों की नियुक्ति की जाती है।यह ट्रिब्यूनल वरिष्ठ नागरिकों और माता पिता के भरण पोषण, कल्याण और उनके अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित मामलों की सुनवाई करेगा।

## एसीएस डॉ. सुमिता ने वीसी के जरिए उपायुक्तों को दिए निर्देश

- किसानों से संबंधित समस्याओं की प्रतिदिन समीक्षा करना करें सुनिश्चित

**भिवानी।** अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने मंगलवार देर सायं विडियो कांफ्रेंस के जरिये जिला उपायुक्तों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने जिलों में किसानों से संबंधित समस्याओं की प्रतिदिन समीक्षा करना सुनिश्चित करें। इसकी पालना रिपोर्ट मुख्यालय भिजवाई जाए।

वहीं वीसी उपरांत डीसी महावीर कौशिक ने बैठक में कहा कि स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, जिला विकास एवं पंचायत, पशुपालन एवं डेयरी, किसान कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी हीट वेव से संबंधित सरकार की निर्देशानुसार पूरा करवाना सुनिश्चित करें। हीट वेव के मद्देनजर जिला में पेयजल सप्लाई, पशुओं के लिए पेयजल और फसलों के सुरक्षा प्रबंधों सहित अन्य विभाग को जो जिम्मेदारी दी है, उसका पुख्ता प्रबंध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में इंतकाल तथा अन्य राजस्व संबंधी मामलों को आगामी 15 अप्रैल तक पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला की प्रत्येक तहसील व उप तहसील वार समीक्षा करके अधिकारियों को कहा कि ग्राम पंचायतों की जमीनों से संबंधित कोर्ट केसों की अधिकारियों के तालमेल से पैरवी करें।

**आक्रोश** हटाए कर्मचारियों को वापस लेने की मांग को लेकर 11 को होगा प्रदर्शन

## एचकेआरएन कर्मचारियों को हटाए जाने पर यूनियन ने जताया रोष

एचकेआरएन कर्मचारियों को हटाना कर्मियों के प्रति दोहरी नीति: सूरजभान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। कर्मचारियों की मीटिंग को संबोधित करते वक्ता।

देवसर चुंगी स्थित डिस्पोजल पर बुधवार को हरियाणा गर्वमेंट पीडब्लयूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की अर्धशहरी शाखा ब्रांच की मीटिंग हुई। बैठक की अध्यक्ष जिला प्रधान अनिल बागड़ी ने की तथा मंच संचालन राज्य कमेटी संगठन सचिव सुशील आलमपुर ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से राज्य कमेटी के उपप्रधान सूरजभान जटासरा ने एचकेआरएन के तहत लगे कर्मचारियों को हटाए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की तथा सरकार के कदम को प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि सरकार एचकेआरएन कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देने की बड़ी-बड़ी बातें कर रही है, वहीं इन कर्मचारियों को रोजगार से ही हटाकर भूखमरी की तरफ धकेला जा रहा है, जो सरकार का कर्मचारियों के प्रति दोहरी नीति को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि सरकार उल्ट काम कर प्रदेश को पिछड़ेपन की खाई में धकेलना चाहती है। हटाए गए कर्मचारियों को वापस लेने की मांग को लेकर बड़े से बड़ा संघर्ष करने के लिए तैयार रहेंगे। कर्मचारियों को वापिस लेने की मांग को लेकर 11 अप्रैल को प्रदेशभर में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

#### हड़ताल की तैयारी में जुटे

उन्होंने कहा कि 20 मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेने के लिए भी प्रदेशभर का कर्मचारी तैयारियों में जुटा हुआ है। इस अवसर पर ब्रांच सचिव प्रवीण कुमार, शहरी ब्रांच प्रधान नरेंद्र शर्मा, उपप्रधान सुंदर हालुवास, कोषाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, सहसचिव सतीश कुमार, संजय यादव, दलबीर हालुवास, रविंद्र हालुवास, रमन चावरिया, दीपक बागड़ी, कृष्ण, हरिओम मानहेहरू सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, निर्मला देवी पत्नी श्री राम निवास निवासी वार्ड नं. 08, झज्जर घाटी चरखी दादरी, तह. व जिला चरखी दादरी, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र रिंकु व उसकी पत्नी सुनीता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### मुख्य सचिव ने की प्रदेश में फसल खरीद की समीक्षा

**भिवानी।** मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बुधवार को दोपहर बाद प्रदेश में फसल खरीद प्रक्रिया, समाधान शिविर तथा रात्रि विश्राम कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसान को फसल बेचने में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। पूर्ण पारदर्शिता से किसान की फसल की खरीद की जाए और समाधान शिविरों व रात्रि विश्राम कार्यक्रमों में आई शिकायतों का शीघ्र समाधान करें।

### जेसीआई भिवानी स्टार ने आगामी रूपरेखा बनाई

**भिवानी।** जेसीआई भिवानी स्टार की आम सभा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जेसीआई के प्रधान जेसी संदीप अग्रवाल ने की। इस दौरान आगामी तीन माह के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने बताया कि बैठक में संस्था द्वारा किए जाने वाले सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की, ताकि संस्था द्वारा समाजहित में किए जाने वाले कार्यो को और भी मजबूती से किए जा सकें।

### एसपी ने थाना तोशाम का किया औचक निरीक्षण

**तोशाम।** पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने थाना तोशाम का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। थाने का रिकॉर्ड, मालखाना, आपराधिक रिकॉर्ड का निरीक्षण के साथ महिला डेस्क की जांच की। उन्होंने थाने के मुंशी कक्ष और शस्त्रागार में रखे असलहे की जांच की और कंप्यूटर रूम के साथ वायरलेस कक्ष की भी व्यवस्था देखी। थाना प्रबंधक निरीक्षक महाबीर को कहा कि थाना में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### बैकुंठ धाम में पक्षियों के लिए रखे पानी के सकोरे

**भिवानी।** पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल के नेतृत्व में अन्य सदस्यों ने पत्रकार सुरेश मेहरा के पुत्र पुनीत मेहरा की 13वीं पुण्यातिथि पर हनुमान गेट स्थित बैकुंठ धाम में पक्षियों के लिए पानी के दर्जनों सकोरे रखे। संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने कहा कि पुण्यतिथि पर पक्षियों के लिए सकोरे रखना बेहद भावपूर्ण और पुण्यकारी कार्य माना जाता है। सकोरे में पानी और अनाज रखकर जीवों की प्यास एवं भूख मिटाना एक प्रकार का सत्कर्म है।

## मजदूरों ने समस्याओं का ज्ञापन सौंपकर दिया था दो दिन का अल्टीमेटम

# मजदूर आज दोपहर 12 बजे के बाद करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर झराई मजदूरों की बैठक, आठ सदस्यीय कमेटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




**भिवानी।** नई अनाजमंडी में हड़ताल के दौरान झराई मजदूरों को संबोधित करते भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भगवानदास कालिया व अनाजमंडी में लगी सरसों की ढेरियां। फोटो : हरिभूमि

झराई-भराई मजदूरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर बुधवार को नई अनाजमंडी के साथ लगते पार्क में झराई मजदूरों की बैठक हुई। बैठक में जिला प्रशासन, मार्केट कमेटी प्रशासन व आढ़तियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मजदूरों की बैठक की अध्यक्षता भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भगवानदास कालिया ने की।

उन्होंने कहा कि गत दिवस ज्ञापन सौंपकर अनाजमंडी के झराई-भराई मजदूरों की मांगों को पूरा करने के लिए दो दिन का अल्टीमेटम दिया था और साथ ही मजदूरों ने चेतावनी दी थी कि 10 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक समस्याओं को समाधान नहीं हुआ तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने बाहरी मजदूरों से कार्य करवाने पर भी विरोध जताया। भगवानदास ने कहा कि बैठक में हड़ताल को लेकर आठ सदसीय कमेटी का गठन किया, जिसमें बलवान, धर्मबीर, नरेश आजाद, श्यामा, पिंकी, सुनीता व भगवानदास कालिया आदि शामिल रहे।

कालिया ने कहा कि आढ़ती जमीदार व किसानों से उतरवाई, फसल सुखाई, ढेरी बनाकर झाड़ मारना, सफाई-जराई, पंखा लगाने व कट्टे भराई के नाम पर पूरे रुपये वसूलते हैं, लेकिन आढ़ती मजदूर को उसकी मजदूरी पूरी नहीं दे रहे। उन्होंने कहा कि आढ़ती मजदूरों से उतरवाई, फसल सुखाई, ढेरी बनाकर झाड़ू मारना, सफाई-जराई, पंखा लगाना व कट्टे भराई आदि सभी कार्य करवाते हैं और बदले में मात्र 12 रुपये कट्टा भुगतान करते हैं, जो गलत और कम हैं। मजदूरों को उनकी पूरी मजदूरी मिलनी चाहिए। उक्त सभी कामों की मजदूर को अतिरिक्त मजदूरी मिलनी चाहिए। जब जमीदार व किसान आढ़ती की पूरी मजदूरी का भुगतान कर रहा है तो आढ़ती उसमें कटौती करके खुद खाने का काम करते हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कट्टे का रेट 12 रुपये, केवल जराई व भराई के अलावा कोई काम नहीं करवाने या उसके बदले अलग से मजदूरी देने, ट्रैक्टर या गाड़ी खाली होने पर सफाई या कट्टे नहीं बांधने, महिला मजदूरों के लिए शौचालय की व्यवस्था करने, अनाज मंडियों में झराई का कार्य करने वाले मजदूरों को मजदूर रेट बताने, बारदाना कभी स्टोर तो कभी बाजार से मंगवाने के नाम पर शोषण करने आदि मांगों को लेकर रोष जताया।

### बाहर से मजदूर लाने का करेंगे विरोध

उन्होंने कहा कि 10 अप्रैल दोपहर 12 बजे तक उनकी मांगें नहीं मानी तो मजदूर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने पर मजबूर होंगे तथा मंडी में फसल बेचने आने वाले किसानों से सहयोग लेकर उन्हें मंडी में पहुंचने से रोका जाएगा, यही नहीं अनाज मंडी में कोई बाहर से मजदूर लाने का प्रयास किया तो उसका भी विरोध जताया जाएगा। उन्होंने कहा कि मजदूरों की हड़ताल से होने वाली परेशानियों का जिम्मेदार मार्केट कमेटी प्रशासन, जिला प्रशासन व आढ़ती होंगे। इस अवसर पर श्यामा, नरेश, धर्मबीर, सोम, शीला, पिंकी, सुमन, बबली, पूनम, गीता, कमलेश, रामरती, रोशनी, कृष्ण, दिनेश व सुनीता आदि मौजूद रहे।



**तोशाम।** कार्यक्रम की प्रस्तुति देती प्रतिभागी। ( फाइल फोटो)

## तोशाम की बेटी तनिष्का बनी केकेएचडी की फाइनलिस्ट

- चौथे राउंड के सेमीफाइनल को पास करके पहुंची ग्रैंड फिनाले में, क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर
- तनिष्का की बायोग्राफी की शूटिंग करने जल्द पंजाब से तोशाम आएगी केकेएचडी की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

तोशाम की बेटी तनिष्का शर्मा प्रसार भारती दूरदर्शन पंजाबी टीवी चैनल के कार्यक्रम किसमें कितना है दम की फाइनलिस्ट बन गई है। जिससे परिजनों सहित क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है।

तनिष्का के पिता पूर्व पंच डॉक्टर विष्णु दत्त शास्त्री ने बताया कि मात्र 10 वर्षीय तनिष्का शर्मा ने अभी तक इस शो के 4 ऑडिशन दिए हैं जिसमें तनिष्का ने अपने नृत्य के दम पर हजारों बच्चों को पछाड़ते हुए चारों ऑडिशन पास करके ग्रैंड फिनाले में प्रवेश कर लिया है। तनिष्का शर्मा का गत 30 मार्च को सेमीफाइनल ऑडिशन हुआ था जिसका अब परिणाम आया है उसमें तनिष्का ने बाजी मारते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है और तोशाम की बेटी तनिष्का शर्मा केकेएचडी 2025 की फाइनलिस्ट बन गई है। अब पंजाब से केकेएचडी की टीम जल्द ही तनिष्का की बायोग्राफी की शूटिंग करने तोशाम पहुंचेगी जिसके माध्यम से तोशाम की झलक पूरे भारतवर्ष में प्रसारित होगी। वहीं पंजाब में होने वाले तनिष्का के फाइनल कार्यक्रम में तोशाम की बेटी तनिष्का शर्मा अब पूरे भारत वर्ष से लाखों बच्चों में से चुनकर आए कुछ चुनिंदा बच्चों को टक्कर देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। तनिष्का शर्मा किसमें कितना है दम के 4 राउंड पास करके जो फाइनलिस्ट बनी है।

### सम्मानित किया

तनिष्का की उपलब्धि पर उसके विद्यालय संत रोशन लाल ढाणी माहू की प्रिंसिपल प्रेमलता नेहरा सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने तनिष्का की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के मंच पर सम्मानित किया तथा बताया कि तनिष्का विद्यालय में भी पढ़ाई में तो होशियार है ही बल्कि स्वभाव से भी बहुत ही नेक बच्ची है। तनिष्का शर्मा कभी विद्यालय में अतिरिक्त बातों में ध्यान नहीं रखती और बिना कुछ बोले चुपचाप लग्न तथा मेहनत से अपने काम पर ध्यान देती है।

## रेवाड़ीखेड़ा ने सांगा की क्रिकेट टीम को हराया

- 11 दिवसीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 5वें दिन भी जारी

**भिवानी।** रणजी खिलाड़ी स्वर्गीय अमित वशिष्ठ की याद में अमित वशिष्ठ फाउंडेशन ने गांव रेवाड़ीखेड़ा स्थित ठाकुर आजाद सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 11 दिवसीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। मैंच के 5वें दिन बुधवार को प्रतियोगिता में बतौर मुख्यतिथि करीबन दो वर्षीय बेटी ख्वाहिश परमार व कनल वशिष्ठ पहुंची तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे को सार्थक किया।

अमित वशिष्ठ फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि बुधवार को पहला मैच रेवाड़ीखेड़ा व सांगा के बीच हुआ। बल्लेबाजी करते हुए सांगा टीम ने 20 ओवर में 181 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.3 ओवर में रेवाड़ीखेड़ा ने मैच जीत लिया। रेवाड़ीखेड़ा की ओर से खिलाड़ी शेखर ने 38 गेंदों में 70 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच रहे। वहीं दूसरा मैच जीतवान बास और लेघा के बीच हुआ।



खिलाड़ियों से परिचय लेते अतिथि।

### धोखाधड़ी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बहल।** थाना बहल पुलिस ने व्यक्ति के मोबाइल पर झूठा स्क्रीनशॉट रूपयों का भेजकर रुपए वापस लेने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। राजेश निवासी बहल ने शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनके फोन पर काल आई थी कि उसने शिकायतकर्ता के भाई को 3,000 देने थे जो गलती से 30,000 रुपए डाल दिए गए हैं जो इसके बाद आरोपी ने एक फर्जी स्क्रीनशॉट उनके मोबाइल नंबर पर भेजा था जो स्क्रीनशॉट को देखकर 27,000 रुपए आरोपी के खाते में डाल दिए थे।पता चला कि आरोपी ने उनके साथ 27,000 रुपए की धोखाधड़ी की है जो इस शिकायत पर पुलिस ने बहल में केस दर्ज किया था।

## हुडा रोड की जर्जर व्यवस्था से लोग परेशान

- कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से सड़क निर्माण की मांग उठाई

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा



राजेश ठुकराल



ललित जैन



मनीष शंकर



सुंदर अत्री

बवानी खेड़ा के नागरिक अस्पताल से लेकर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तक के रोड़ की व्यवस्था चरमराई हुई है। जिसके कारण लोगों को दूर दराज के एरिया से होकर अपने गणतव्य की तरफ जाना पड़ता है।

हादसों को देखते हुए इस मार्ग पर लोगों ने इस तरफ आना जाना भी बंद कर दिया है। कॉलोनीवासियों ने अपने विचार सांझा किए।

**सुध लेने वाला नहीं : राजेश**

हुडा कॉलोनीवासी डॉ. राजेश ठकराल की मानें तो उनकी कॉलोनी में ऐसा कोई रोड़ नहीं है जो चलने लायक हो। जीवन भर की पूंजी रिहायशी मकान पर लगा दी लेकिन यहां सड़क, नाली, नाले, सीवरेज, सफाई व्यवस्था, बिजली पानी, चौकीदार, पार्क की कोई सुविधा नहीं है। मकान मालिक स्वयं को मकान रूपी पिंजरे में बंद करके जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

**पैदल निकलना मुश्किल : जैन**

बिजनेसमैन ललित जैन नागरिक अस्पताल के साथ लगते मार्ग के बारे उन्हें अपने घर में जाने के लिए अनेक स्थानों से घूमकर जाना पड़ता है। ये मार्ग पैदल चलने लायक नहीं है, गाड़ी को ले जाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। प्रशासन को इसकी सुध लेनी चाहिए।

**दिन फिरेंगे : मनीष शंकर**

समाजसेवी एवं हुडा कॉलोनीवासी मनीष शंकर ने बताया कि नपा चेयरमैन बनने से उन्हें आस बंधी है कि बिगड़ी हालात की सुध ली जाएगी और इनका सुधार होगा।

### जल समस्या को लेकर अफसरों से मिले प्रधान

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के सभी वार्डों में पानी चल रही समस्या का समाधान को लेकर नगर पालिका नवनियुक्त प्रधान सुंदर अत्री द्वारा अनेक पार्षदो संग मिलकर जन स्वास्थ्य विभाग में पहुंचे और अधिकारी को बताया कि विभिन्न वार्डों में पानी की समस्या चल रही है। जगह-जगह सीवरेज की समस्या है जिससे लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है. इसलिए हर वार्ड में जलापूर्ति सही तरीके से वह स्वच्छ तरीके से करवाई जाए वह जहां भी सीवेज की समस्या है उसे तुरंत प्रभाव से दुरुस्त किया जाए। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने भी नपा प्रधान को आश्वासन दिया कि वह सीवरेज में जल समस्या का समाधान करेंगे

## श्री हनुमान जन्मोत्सव का 50वां गोल्डन जुबली महोत्सव 12 को



**भिवानी।** हनुमान जोहड़ी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

- छोटी काशी के 12 दरवाजों को प्रणाम करते हुए हनुमान जोहड़ी धाम पहुंचेगी ढाई कोसी यात्रा : चरणदास महाराज

**भिवानी।** हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार चैत्र महीने की पूर्णिमा तिथि को अंजनी नंदन रामभक्त हनुमान का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष जन्मोत्सव का महापर्व 12 अप्रैल को मनाया जाएगा।

इसी कड़ी में ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी धाम के नरसिंह मंदिर में 12 अप्रैल को मनाए जाने वाले हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर वृहद रूप से तैयारी की जा रही है। मंदिर परिसर में आकर्षक साज-सज्जा और फूलों की सजावट की जा रही है। बुधवार को मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बालयोगी महंत चरणदास ने बताया कि हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम परिवार, भक्तजनों व युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट की ओर से 12 अप्रैल को हनुमान जोहड़ी धाम नरसिंह मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का 50वां यानि गोल्डन जुबली महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि प्रदेश के विकास एवं पंचायत तथा भू विज्ञान एवं खनन मंत्री कृष्णलाल पंवार शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि 50वें श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रमों में सर्वप्रथम छोटी काशी भिवानी में अढाई कोस पद यात्रा निकाली जाएगी।

### करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता एवं कुलसचिव डॉ भावना शर्मा की देखरेख में करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमडीयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रोफेसर कृष्णकांत शर्मा मुख्य वक्ता थे।

उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन विज्ञान में स्नातक और स्नातकोत्तर के बाद चुने जाने वाले करियर के बारे में जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि आप बहुविषयक क्षेत्रों में शोध कर सकते हैं और अपनी रुचि का विषय चुन सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के करियर विकल्पों और अवसरों से संबंधित सभी सवालों के जवाब दिए।

## किसानों को फसल बिक्री में न हो परेशानी

- अधिकारी अनाजमण्डी में किसानों के लिए करें बेहतर प्रबंध : धर्मवीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



**तोशाम।** खरीद को लेकर दिशा निर्देश देते सांसद। फोटो : हरिभूमि

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह बुधवार को उपायुक्त महावीर कौशिक के साथ तोशाम अनाज मंडी में पहुंचे। जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक करके उन्हें निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में फसल बेचने के लिए जो भी किसान आए उसे किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

सांसद धर्मवीर सिंह के साथ उपायुक्त महावीर कौशिक, एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन, कृषि विपणन बोर्ड, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड, वेयरहाउसिंग कारपोरेशन, पुलिस सहित तमाम विभागों के अधिकारी साथ रहे। सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि किसानों के लिए ऐसी व्यवस्था की जाए कि किसानों को खेत से मंडी तक आने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। कई बार उनके संज्ञान में आया है किसानों को टोकन आदि के लिए लाइनों में लगना पड़ता।जिससे किसान परेशानी से जुझते हैं, इसलिए अधिकारी ऐसी व्यवस्था बनाएं कि किसानों को कोई भी परेशानी मंडी में फसल बेचने के लिए आने के दौरान ना हो। किसानों के साथ बातचीत करके त्वरित कार्यवाही के लिए अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि बहल सिवानी रोड मण्डी गेट से किसानों के ट्रैक्टरो का प्रवेश करके फसल उतारने के बाद बागनवाला रोड गेट से बाहर निकालने की व्यवस्था की जाए।

### एक्सपायरी डेट का सामान बेचने का दोषी पाए जाने पर उपभोक्ता कमीशन ने ठोका जुर्माना

**भिवानी।** उपभोक्ता के अधिकारों की अनदेखी करने वाले दुकानदारों व प्रतिष्ठान संचालकों पर उपभोक्ता आयोग सख्त रूख अपनाएं हुए है। ऐसा ही एक मामला भिवानी में सामने आया है, जहां पर उपभोक्ता को एक्सपायरी डेट का सामान बेचने वाले एक मार्ट पर उपभोक्ता कमीशन ने जुर्माना ठोका है। इस बारे में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता घनश्याम शर्मा ने बताया कि वे उपभोक्ताओं को पिछले कई वर्षो से अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करते आ रहे उन्होंने बताया कि मार्ट द्वारा एक्सपायरी डेट का सामान बेचने पर उपभोक्ता कमीशन में शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसके बाद पूरी जांच व पड़ताल के बाद उपभोक्ता कमीशन की प्रजाईडिंग मैंबर सरोज बाला बोहरा व मैंबर शशी किरण पंवार ने मार्ट को दोषी पाया तथा कमीशन ने नियोक्ता को एक्सपायरी डेट के सामान की कीमत, 25 हजार रूपये शिकायतकर्ता को हर्जाना, पांच हजार लिटीगेशन खर्चा व 25 हजार रूपये उपभोक्ता कानूनी सहायता के खाते में 40 दिन में अदायगी करने के निर्देश दिए है। उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराना हर विक्रेता की जिम्मेदारी है।

जय हिन्द आयुर्वेद एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी
भिवानी का पहला हेल्थ केयर जहां नाड़ी डिजिटल मशीन से देख कर रिपोर्ट कार्ड साथ दिया जाता है ताकि उचित इलाज किया जा सके।
- जैसे गाड़ी की सर्विस करवाते हो वैसे ही अपनी बॉडी की सर्विस करवाए ताकि बीमारी पास ही न आए।
- सभी बीमारियों का इलाज दवा से और बिना दवा के।
- लीपोमा की गांठ बिना ऑपरेशन इलाज।
- पीत पथरी, किडनी की पथरी,पेट की सभी बीमारी का इलाज।
- शुगर का इलाज,बवासीर और भगंदर का इलाज।
- औरतों की सभी बीमारी का इलाज।
- एक ही जगह सभी थैरपी फिजियो थैरपी, नाचरोथर्पी (मिट्टी पानी से इलाज), एक्यूप्रेशर थैरपी,कप थैरपी, योगा थैरपी, और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलेक्ट्रो होम्योपैथी से सभी बीमारी का इलाज।
- सभी थेरेपी का डिप्लोमा और अनुभवी डॉक्टर द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है।
- अपने बॉस खुद बने और बेरोजगारी से मुक्ति पाए महीने का 30/50 हजार कमाए खुद थेरेपिस्ट बने।
Dr. Krishan Singh
(Naturopath) (रिटायर्ड फौजी)
BEMS, DNYS (MD), D.Ay.A, D.ma.T, D.Ay, D.P.K., DPT
मकान न. 4, पटेल नगर, सीआईडी ऑफिस के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र: 6005452863

### मार्केट न्यूज

### बोहरा हस्पताल का 25 साल पूरे होने पर एक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भिवानी।** मातृत्व को समर्पित बोहरा हस्पताल अपने 25 साल पूरे होने पर एक चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रहा है प्रसूति, स्त्री संबधी समस्याओं के लिए डॉ सुदेश बोहरा का भिवानी और आसपास के क्षेत्रों में प्रशंशनीय योगदान रहा है , 11 अप्रैल को बोहरा हस्पताल भिवनीं में मधुमेह के रोगियों के लिये HEAL वैलनेस क्लिनिक जो कि ZEE TV ग्रुप का उपक्रम का उद्घाटन लोकप्रिय नेता श्री घनश्याम सर्राफ जी द्वारा किया जाएगा इस मौके पर सुगर के मरीजों की स्वास्थ्य जांच निशुल्क की जाएगी । डॉ देवेंद्र बोहरा ने इस आयोजन पर सभी क्षेत्रवासियो को आमंत्रित किया है

**धोखाधड़ी** 30 तक जमापूंजी नहीं मिली तो एक मई से देशभर में होंगे धरने-प्रदर्शन

## जमापूंजी वापस दिलवाने के लिए पीड़ित निवेशकों ने सौंपा मांगपत्र

180 दिन में जमापूंजी वापस दिलवाने का प्रावधान था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चीट फंड कंपनियों ने निवेशकों के साथ धोधाखड़ी कर उनके बच्चों के भविष्य को दांव पर लगा दिया, जिसके बाद ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार (तपजप) संगठन द्वारा देशभर में विरोध प्रदर्शन के बाद केंद्र सरकार के निर्देशानुसार बड्स एक्ट-2019 के तहत प्रत्येक जिला मुख्यालय पर कार्यालय तो खोले गए।

इनका कार्य पीड़ित निवेशकों के दस्तावेज जमा कर सरकार को भेजना था, ताकि पीड़ित निवेशकों की जमापूंजी वापस दिलवाई जा सकें। वही बड्स एक्ट-2019 के तहत 180 दिन में जमापूंजी वापस दिलवाने का प्रावधान था, लेकिन चार वर्ष से अधिक समय से कार्यालय खुलने के बावजूद पीड़ित निवेशकों की जमापूंजी नहीं मिल रही। इसी के विरोध में तपजप के जिला प्रधान रामजस के नेतृत्व में पीड़ितों ने सीटीएम के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार के नाम मांगपत्र सौंपकर जमापूंजी वापस दिलवाने की मांग की।



**भिवानी।** मांगों का ज्ञापन सिटीएम को सौंपते पीड़ित निवेशक।

### निवेशकों में रोष की स्थिति

रामजस ने कहा कि भिवानी में बड्स एक्ट-2019 के तहत फरवरी 2023 में कार्यालय खुला था, जिसके बाद पीड़ित निवेशकों में जमापूंजी वापस मिलने की उम्मीद जगी थी तथा उन्होंने कार्यालय में दस्तावेज जमा करवाएं, लेकिन दो वर्ष से अधिक का समय बीतने के बाद भी पीड़ित निवेशकों को जमापूंजी वापस नहीं मिली है, जिसके चलते उनमें रोष की स्थिति पनप रही है। उन्होंने गुहार लगाई कि बड्स एक्ट-2019 के तहत भिवानी में खुले कार्यालय में जमा हुए दस्तावेजों को सरकार तक भेजा जाए, ताकि पीड़ित निवेशकों को उनकी जमापूंजी मिल सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि 30 अप्रैल तक पीड़ित निवेशकों की जमापूंजी नहीं लौटाई तो एक मई देशभर में धरना-प्रदर्शन की शुरूआत की जाएगी। इस अवसर पर जिला उपप्रधान रमेश तंवर, मीडिया प्रभारी राजेश बडाला, विजय रोहिल्ला, विजय फौजी, सुखबीर रांगी, प्रदीप, छाजूराम शर्मा आदि मौजूद रहे।